Title : Regarding need to check pollution caused by effluents discharged by Usha Martin Company Limited in Gamharia, Jharkhand.

(xix) Need to check pollution caused by effluents discharged by Usha Martin Company Limited in Gamharia, Jharkhand

श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड के सराय केला खरसवा के गम्हारिया में स्थित उा मार्टिन कम्पनी लि0 जो स्टील, आयरन बार एवं बिजली का उत्पादन करती है, उत्पादन में काफी मात्रा में कोयले का उपयोग करती है, जिससे निकलने वाले धुएं से यहां के दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग दमा का शिकार हो चुके हैं और कइ लोगों की मौत भी हो गयी है। इस फैक्ट्री से जो वेस्टेज के रूप में पानी बाहर फेंका जाता है, वह पानी गरीब किसानों की जमीन की उर्वरता को कम कर रहा है और खेतों में इस दूति पानी से गरीब आदिवासी किसानों की फसल खराब हो जाती है। दूसरी ओर यहां के वेस्टेज पानी के साथ विभिन्न प्रकार के तेल की मात्रा पायी जाती है, जो कि सीधे सीतारामपुर डैम में जाता है, वहां से आधे जमशेदपुर के क्षेत्र को जल आपूर्ति होती है। इस पानी में भी तेल की मात्रा बन् रहती है, जिसके पीने से यहां के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस क्षेत्र में जल प्रदूाण एवं वायु प्रदूाण बुरी तरह से फैल रहा है, जिसकी रोकथाम करना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस फैक्ट्री द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूाण की रोकथाम करने के लिए सरकार कड़े कदम उठाये।